दिन–रविवार दिनांक– 01/10/2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर आज देश भर में महा स्वच्छता अभियान का आयोजन। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत देशभर में लगभग सात लाख कार्यक्रम आयोजित किए गए।

02. प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में केन्द्रीय मंत्रियों गिरिराज सिंह, पशुपति कुमार पारस, अश्विनी कुमार चौबे सहित कई गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

03. सिपाही भर्ती परीक्षा में कदाचार के आरोप में कैमूर, जमुई और बांका में बारह गिरफ्तार। कई परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों का हंगामा और तोड़फोड़।

04 और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास, औरंगाबाद और गया में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

अब समाचार विस्तार से.........

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देशभर में चलाए गए स्वच्छता ही सेवा महाभियान का नेतृत्व किया। वे फिटनेस प्रशिक्षक अंकित बैयानपुरिया के साथ सफाई अभियान में शामिल हुए। श्री मोदी ने अंकित बैयानपुरिया से बातचीत की और बेहतर शारीरिक स्वास्थ्य की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने सफाई अभियान के दौरान श्री बैयानपुरिया के साथ हुई बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है।

–––बाइट––––

प्रधानमंत्री – फिटनेस के लिए आप इतनी मेहनत करते हैं उसमें यह स्वच्छता अभियान कैसे मदद करेगा।

अंकित– वातावरण को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है। वो स्वस्थ है तभी हम स्वस्थ है।

प्रधानमंत्री– तुम्हारें सोनीपत में, गांवों में कैसा है लोगों का स्वच्छता के भई विश्वास कैसा है।

अंकित– अब थोडा सा ज्यादा ध्यान दे रहे है, स्वच्छता की ओर।

प्रधानमंत्री– एक स्वच्छता का संदेश क्योकि मैने देखा है कि धीरे–धीरे देश में स्वच्छता के लिए सबकी रूचि बन रही है। परिवार में छोटे बच्चे भी अपने दादा को कहते है कि गंदा मत करो। एक अच्छा वातावरण चाहिए, चलिए अंकित बहुत बढिया काम कर रहे हो आप।

स्वच्छता के लिए एक तारीख एक घंटा एक साथ के प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर आज देश भर में लोगों ने भागीदारी की। श्री मोदी ने महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आज सुबह दस बजे स्वच्छता अभियान के लिए नागरिकों से एक घंटे के श्रमदान की अपील की थी। पिछले मन की बात कार्यक्रम में भी, प्रधानमंत्री ने आज के स्वच्छता अभियान में भागीदारी के लिए लोगों से समय निकालने की अपील की थी। इस अवसर पर सभी वर्गों के लोगों ने बाजार परिसरों, रेल–पटरियों, जलाशयों, पर्यटन और पूजा–स्थलों सहित सार्वजनिक स्थलों पर सफाई कार्य में हिस्सा लिया। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केंद्रीय मंत्री भूपेन्दर यादव, धर्मेंद्र प्रधान, डॉ. जीतेंद्र सिंह, हरदीप सिंह पुरी, मीनाक्षी लेखी और राजीव चंद्रशेखर और अन्य नेताओं ने भी इसमें भागीदारी की। श्रीमती लेखी ने लोगों से साफ सफाई रखने की अपील की।

–––बाईट––––

अधिक से अधिक लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हो। प्लास्टिक के कूडे को अलग करे, प्लास्टिक इस्तेमाल ना करें और अगर करे तो उसको अलग फेंके और साथ में जो गीला कूडा है उसको अलग करे, उसकी कम्पोस्टिंग हो। जो मैटल वेस्ट है उसको अलग रिसाएक्लिंग में डाला जाए तो ये पूरी व्यवस्थाओं को ठीक करने का प्रयास है।

इस अभियान में देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग सात लाख स्थलों पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए गए। लगभग एक लाख आवासीय इलाकों में आवासीय कल्याण समितियों ने श्रमदान में भागीदारी की। इसमें थल सेना, नौसेना और वायु सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, केंद्रीय जांच ब्यूरो और अन्य विभागों के कर्मियों ने भी आम लोगों के साथ स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया।

———————————————————————————

केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने स्वच्छता अभियान को एक आंदोलन का रूप देने को कहा।

———बाईट———— धर्मेन्द्र प्रधान———

यह एक जन भागीदारी का अनोखा प्रयास है। आज जैसे स्थिति आई है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल राजनीतिक व्यक्ति नहीं रहे हैं वो एक समाज प्रेरक है, समाज सुधारक है, चिंता नायक है, दूरदृष्ट है। उनका विश्वास है जब तक सामाजिक शक्ति एकजुट होकर समाज को खड़े करने में अपनी ताकत नहीं झोकेगा। जब तक समाज की विकास नहीं हो पाएगा।

———————————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से आज देश में महिलाओं को खुले में शौच से मुक्ति मिली है।

———बाईट————

जब से स्वच्छता अभियान चला है और नरेंद्र मोदी जी ने वो कर दिखाया जो 70 साल में शौचालय नहीं बन पाए थे मात्र 3 साल के अंदर 12 करोड शौचालय और देश की बहनों और गरीब परिवारों को बनाकर दे दिए।

———————————————————————————

इधर, प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कई स्थानों पर श्रमदान का आयोजन किया गया। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने पटना के बांस घाट स्थित राजेन्द्र स्मारक परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी भी उपस्थित थे। इधर, केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी कार्यालय और एयरपोर्ट के पास स्वच्छता ही सेवा अभियान में हिस्सा लिया। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने बक्सर के रामरेखा घाट पर सफाई की। पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने दरभंगा हाउस स्थित काली घाट पर सफाई अभियान में भाग लिया। सभी सरकारी कार्यलयों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। आकाशवाणी पटना में केन्द्राध्यक्ष वेद प्रकाश के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों ने परिसर की साफ–सफाई की। वहीं, केन्द्रीय संचार ब्यूरो पटना के अपर महानिदेशक एस के मालवीय के नेतृत्व में कर्मियों ने राजीव नगर क्षेत्र में साफ–सफाई की।

———————————————————————————

सितम्बर में देश में जीएसटी यानी वस्तु एवं सेवा कर का सकल संग्रह एक लाख 62 हजार 712 करोड रुपये रहा। इसमें से केन्द्रीय जीएसटी 29 हजार 818 करोड रुपये, राज्य जीएसटी 37 हजार 657 करोड रुपये, एकीकृत जीएसटी 83 हजार 623 करोड रुपये तथा उपकर 11 हजार 613 करोड रुपये है। सरकार ने एकीकृत जीएसटी से केन्द्रीय जीएसटी के 33 हजार 736 करोड रुपये और राज्य जीएसटी के 27 हजार 578 करोड रुपये का भुगतान किया। नियमित निपटान के बाद सितम्बर में केन्द्र और राज्यों का कुल राजस्व केन्द्रीय

जीएसटी में 63 हजार 555 करोड रुपये और राज्य जीएसटी में 65 हजार 235 करोड रुपये है।

---

भारतीय रिजर्व बैंक ने दो हजार रूपये के नोट बदलने की समय सीमा सात अक्तूबर तक बढ़ा दी है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में बताया कि नोट बदलने की प्रक्रिया कल समाप्त हो गयी थी और एक समीक्षा के आधार पर दो हजार रूपये के नोट जमा करने या बदलने की वर्तमान व्यवस्था को सात अक्तूबर तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

---

प्रदेश में आज आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने के आरोप में ग्यारह फर्जी अभ्यर्थियों और दलाल को गिरफ्तार किया गया है। कैमूर से चार फर्जी अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया जो दूसरे के नाम से परीक्षा दे रहे थे। भूपेश गुप्ता कॉलेज स्थित केन्द्र पर इन सभी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि जमुई से सात लोगों को परीक्षा में गड़बड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वहीं, बांका में कदाचार के आरोप में एक अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया गया है। इधर, पटना और बेगूसराय में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिये जाने से आक्रोशित अभ्यर्थियों ने हंगामा और तोड़फोड़ किया। गौरतलब है कि प्रदेश में इक्कीस हजार से अधिक सिपाही के पदों पर बहाली के लिए विभिन्न केन्द्रों पर आज परीक्षा आयोजित की गई। केन्द्रीय चयन परिषद की ओर से सात और पंद्रह अक्टूबर को भी लिखित परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।

---

राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा, एसटीईटी दो हजार तेईस का परिणाम तीन अक्टूबर को घोषित किया जायेगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने कहा कि समय पर परिणाम घोषित होने से अभ्यर्थियों को लाभ होगा। ये परीक्षा चार सितम्बर से चौदह सितम्बर तक आयोजित की गयी थी। बोर्ड ने एसटीईटी परीक्षा अब वर्ष में दो बार आयोजित किये जाने की भी घोषणा की है। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा की इस परीक्षा के दो बार आयोजन से अभ्यर्थियों को अपनी प्रतिभा साबित करने के अधिक अवसर मिलेंगे।

---

बुजुर्गों को आदर और सम्मान देने के संकल्प के साथ आज अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जा रहा है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने अपने संदेश में कहा है कि हम सब का कर्तव्य है कि बुजुर्गों की समुचित देखभाल की जाए। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि वर्तमान सामाजिक और आर्थिक परिवेश में वृद्धजनों को अकेला छोड़ा जाना और उनकी उपेक्षा गम्भीर चिंता का विषय है। इधर, इस दिवस पर चुनाव आयोग की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न जिलों में सौ वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को सम्मानित किया गया।

---

बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एच आर श्रीनिवास ने पटना में ओल्डएज होम जाकर वृद्धजन मतदाताओं को सम्मानित किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ऐसे मतदाता लोकतंत्र में मतदान को लेकर युवा पीढ़ी के मार्गदर्शक है।

---

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य भर में ईवीएम और वीवी पैड का प्रथम स्तरीय जांच कार्य शुरू हो गया है। विभिन्न जिलों के निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में जांच का काम किया जा रहा है। पटना में आज जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जांच का कार्य किया।

———————————————————————————

पटना नगर निगम क्षेत्र और दानापुर, खगौल तथा फुलवारीशरीफ नगर परिषद क्षेत्र में डीजल वाली सिटी बसों का परिचालन आज से स्थाई रूप से बंद कर दिया है। परिवहन विभाग की अधिसूचना के अनुसार जिला परिवहन कार्यालय ने भी डीजल बसों के परिचालन पर रोक लगा दी है। अब इन नगर निकाय क्षेत्रों में सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसों का ही परिचालन होगा। इधर, इस फैसले का नगर सेवा क्षेत्र के बस संचालकों ने विरोध किया है।

———————————————————————————

देश के पुराने विश्वविद्यालय में शामिल प्रतिष्ठित पटना विश्वविद्यालय का एक सौ सातवां स्थापना दिवस आज समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। कुलपति प्रोफेसर गिरीश कुमार चौधरी ने कहा कि अगले दो वर्षों में विश्वविद्यालय अपना खोया हुआ गौरव प्राप्त कर लेगा। कुलपति ने कहा कि छात्रों को रिसर्च के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी। प्रोफेसर चौधरी ने कहा कि शिक्षकों को बुनियादी बातों को अच्छी तरह से पढ़ाना चाहिए ताकि वे कोचिंग के मदद के बिना आगे बढ़ सके।

————बाईट————

———————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चार दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में तेज बारिश और वज्रपात की सम्भावना है। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान गया, रोहतास और औरंगाबाद जिले में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। वहीं, कैमूर, जमुई, अरवल, जहानाबाद, नालंदा, लखीसराय और शेखपुरा जिले में भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की गई है। मौसम वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि चक्रवातीय प्रभाव के कारण प्रदेश के अधिकतर भागों में बारिश की परिस्थितियां बनी हुई है।

———बाइट———

———————————————————————————

एशियाई खेलों में चीन के हांगचोओ में भारत ने दो और स्वर्ण पदक जीत लिये हैं। अविनाश साबले ने पुरुषों की तीन हजार मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं, तेजिंदरपाल सिंह तूर ने गोला फेक में स्वर्ण पदक जीता। पदक तालिका में भारत तेरह स्वर्ण, उन्नीस रजत और उन्नीस कांस्य सहित कुल इक्यावन पदक जीतकर चौथे स्थान पर बना हुआ है।

———————————————————————————

ताइवान में आयोजित एशियाई अंडर ऐटिन रग्बी चैपियनशिप में भारतीय टीम ने रजत पदक जीता है। सुपौल जिले की अंशु कुमारी विजेता टीम की सदस्य थी।

———————————————————————————

बिहार में पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार अपर रेल महाप्रबंधक तरुण प्रकाश को दिया गया। रेलवे बोर्ड ने कहा है कि पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर में नियमित महाप्रबंधक की नियुक्ति तक वे कार्यभार देखेंगे। निवर्तमान महाप्रबंधक अनुपम शर्मा के अवकाश ग्रहण करने के कारण कल से यह पद रिक्त हो गया है। तरूण प्रकाश भारतीय रेल सिगनल इंजीनियरिंग सेवा, आईआरएसएसई सेवा के 1988 बैच के अधिकारी हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर आज देश भर में महा स्वच्छता अभियान का आयोजन। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत देशभर में लगभग सात लाख कार्यक्रम आयोजित किए गए।
02. प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में केन्द्रीय मंत्रियों गिरिराज सिंह, पशुपति कुमार पारस, अश्विनी कुमार चौबे सहित कई गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।
03. सिपाही भर्ती परीक्षा में कदाचार के आरोप में कैमूर, जमुई और बांका में बारह गिरफ्तार। कई परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों का हंगामा और तोड़फोड़।
04 और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास, औरंगाबाद और गया में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।